प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकारी योजनाओं के शत–प्रतिशत कार्यान्वयन की आवश्यकता पर दिया बल, इसे वास्तविक सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता का बताया आधार ।
- झारखंड में खुलेगा राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, खूंटी के कालामाटी में भवन निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन चिह्नित।
- रांची रेलमंडल ने सिरमटोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य को लेकर लिया ब्लॉक, कई ट्रेनें रहेंगी रद्द, कई के रूट में बदलाव।
- मुख्यमंत्री ने मधुबन में हिंसक झड़प मामले की जांच के दिए आदेश, घायल एसडीपीओ के इलाज की ली जानकारी, कहा– राज्य सरकार कर्मियों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध।
- मौसम विभाग ने राज्य में अगले चार दिन पारा चढ़ने से ठंड से राहत का जताया पूर्वानुमान, तापमान के बदलाव में सावधानी बरतने की दी सलाह।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकारी सरकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ लोगों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के लिए ऐसा करना अनिवार्य है। श्री मोदी ने यह विचार प्रमुख उद्यमी निखिल कामथ को दिए एक साक्षात्कार में व्यक्त किये। श्री मोदी ने सोशल मीडिया, यूपीआई और तकनीक के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र और इसके सशक्तिकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है।

*****************

रांची रेल मंडल के अंतर्गत चार लेन वाले सिरमटोली फ्लाईओवर निर्माण को लेकर ब्लॉक लिया जाएगा । इसके कारण कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगीं। कई ट्रेनों को रद्द किया गया है जबकि कई के रूट में बदलाव किया गया है । बर्द्धमान हटिया एक्सप्रेस आज से 15 जनवरी तक बर्द्धमान से रद्द रहेगी जबकि हटिया बर्द्धमान एक्सप्रेस कल से 16 जनवरी तक हटिया से रद्द रहेगी ।

*****************

झारखंड में केंद्र सरकार प्रायोजित राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र खुलेगा। इसके लिए खूंटी के डियर पार्क के पास पांच एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। फिलहाल संस्थान शुरू करने के लिए स्मार्ट सिटी स्थित जुपमी भवन को किराये पर लेने की सहमति बनी । मुख्य सचिव अलका तिवारी ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के प्रस्ताव पर राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र शुरू करने को लेकर अधिकारियों संग बैठक की। संस्थान में योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करनेवाले कर्मियों को प्रशिक्षित किया जायेगा और उनकी क्षमता संवर्धन किया जायेगा।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। श्री सोरेन ने ड्यूटी पर तैनात बाघमारा के एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह के घायल होने की जानकारी प्राप्त होने पर उनके पिता अशोक सिंह से वीडियो कॉल के माध्यम से बात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना को लेकर राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता से उनके परिवार के साथ खड़ी है। श्री सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी श्रेणी के अधिकारी और कर्मचारी की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है।

*****************

दुमका जिला प्रशासन ने राजभवन और राज्य सरकार के हस्तक्षेप के बाद कुलपति के पत्र के आधार पर कल देर रात मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का ताला तोड़ा। यह तालाबंदी वेतनमान की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे विश्वविद्सालस के शिक्षकेतर कर्मचारियों ने करीब डेढ़ माह से लगा रखा था, जिससे विश्वविद्यालय का प्रशासनिक कामकाज और पठन पाठन पूरी तरह ठप था। कुलपति डॉ. विमल प्रसाद ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने की दिशा में प्रयासरत है

*****************

सोहराय पर्व को लेकर जामताड़ा जिले में उत्साह का महौल देखा जा रहा है। विभिन्न शिक्षण और सामाजिक संस्थानों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

*****************

पुरुष हॉकी इंडिया लीग में, कल शाम ओडिशा के राउरकेला में, तमिलनाडु ड्रैगन्स ने एक रोमांचक मुकाबले में श्राची रार बंगाल टाइगर्स को हरा दिया। इस जीत के साथ ही तमिलनाडु अंक–तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है।

*****************

रांची समेत राज्यभर में अगले चार दिन ठंड से राहत मिलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले चार दिनों तक बादल छाने का पूर्वानुमान जताया है।

*****************

अखबारों की सुर्खियां

झारखंड से अलकायदा के संदिग्ध आतंकी के गिरफ्तारी की खबर को रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अपनी सुर्खी बनाई है
दैनिक जागरण की सुर्खी है – अलकायदा आतंकी चान्हो निवासी शहबाज लोहरदगा से गिरफ्तार।
प्रभात खबर की सुर्खी है– सीएम ने बाघमारा में हुई हिंसक झड़प की जांच के दिए आदेश।
दैनिक भास्कर ने लिखा है – मनरेगा घोटाले के दस्तावेज 2 हफ्ते में ईडी को देगी सरकार।
हिन्दुस्तान ने फोटो स्टोरी के साथ लिखा है– रांची में महिला हॉकी इंडिया लीग का महासमर कल से।